छत्तीसगढ़िया ओलंपिक: राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 8 से 10 जनवरी तक

चर्चा में क्यों?

3 जनवरी, 2023 को छत्तीसगढ़ जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़िया ओलंपिक 2022-23 का राज्य स्तरीय आयोजन अब 8 जनवरी से 10 जनवरी, 2023 तक राजधानी रायपुर के विभिन्न खेल मैदानों के साथ-साथ इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा।

प्रमुख बिंदु

- जानकारी के अनुसार राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का उद्घाटन समारोह 8 जनवरी को सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम में होगा। समापन समारोह का आयोजन स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा-रायपुर में 10 जनवरी को किया जाएगा।
- छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के सभी 14 खेल विधाओं की प्रतियोगिता सरदार बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, आउटडोर स्टेडियम बुढ़ापारा, पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय खेल परिसर और स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित किये जाएंगे।
- गौरतलब है कि पूर्व में राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता के लिये 7 जनवरी से 9 जनवरी की तिथि निर्धारित की गई थी जिसे बदलकर 8 से 10 जनवरी कर दिया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/chhattisgarhia-olympics-state-level-competition-from-8-to-10-january